दैनिक
प्रातः कालीन
www.knsllive.com
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI NO.UPBIL/2021/83001
वर्ष-04 अंक-06 मुरादाबाद,
27 April, 2024 (Saturday)
मूल्य- 03 रुपये पृष्ठ-08

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती,अलीगढ़ और उत्तराखंड

page 3 सीएम योगी ने बिलारी में जनसभा को किया संबोधित
page 5 जहां जलकल की सप्लाई नहीं..
page 7 HERBEL REMEDIES TO GET..

### मालदा में विपक्ष पर गरजे पीएम मोदी

# 'कांग्रेस-तृणमूल पहले चरण में पस्त और दूसरे चरण में ध्वस्त'



**● पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस और टीएमसी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के राज में बंगाल में एक ही चीज चलती है- हजारों करोड़ो के स्कैम, शारदा चीट फंड, पशु तसकरी घोटाला, राशन घोटाले, कोयला घोटाले आदि।**

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रचार किया। इस प्रचार के दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि आज देश में दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और सुबह से ही लोग उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। मालदा में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ₹जो लोग मतदान के लिए उत्साह से निकल पड़े हैं, मैं उनका बहुत बहुत अभिनंदन करता हूं। उन्होंने आगे कहा, ₹मैं इतनी भीड़ देखकर खुश हूं कि इतने लोग मेरा स्वागत करने के लिए यहां आए हैं। आज लोग लोकतंत्र के महापर्व का उत्सव मना रहे हैं। मैं आपसे अपील करता हूं कि आप अपना वोट देकर भारत के लोकतंत्र में योगदान दें। टीएमसी और कांग्रेस पर गरजे पीएम मोदी पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ₹मुझे विश्वास है कि पहले चरण में टीएमसी कांग्रेस जैसे दल जो पस्त हो रहे थे अब दूसरे चरण में ध्वस्त हो जाएंगे। एक समय था जब बंगाल पूरे देश के विकास का नेतृत्व करता था, लेकिन पहले लेफ्ट और फिर टीएमसी ने अपने शासन में बंगाल की इस महानता को चोट पहुंचाई। टीएमसी के राज में बंगाल में एक ही चीज चलती है- हजारों करोड़ो के स्कैम, शारदा चीट फंड, पशु तसकरी घोटाला, राशन घोटाले, कोयला घोटाले आदि। घोटाले टीएमसी करती है और भुगतना बंगाल की जनता को पड़ता है। यहां कोई काम नहीं है जो बिना कमीशन के होता है। टीएमसी पर लगाए झूठ बोलने का आरोप प्रधानमंत्री ने बताया कि टीएमसी और कांग्रेस आपस में लड़ने का दिखावा करती है, लेकिन दोनों का व्यवहार बिलकुल एक जैसा ही है। उन्होंने आगे कहा कि दोनों पार्टियों को एक ही चीज जोड़कर रखती है और वह है तुष्टीकरण। टीएमसी के नेताओं का कहना है कि अगर वे सत्ता में हुए तो सीएए को रद्द कर देंगे। पीएम मोदी ने बताया कि सीएए नागरिकती छीनने का नहीं नागरिकता देने का कानून है। उन्होंने टीएमसी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने आगे कहा, ₹टीएमसी सरकार बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लाकर बसाने का काम करती है। इन घुसपैठियों को आपकी जमीन और खेत पर कब्जा करवाती है।₹ पीएम मोदी ने बताया, ₹कांग्रेस आपकी जमीन छीनना चाहती है। इसपर टीएमसी के मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला। दोनों पार्टियों के बीच तुष्टिकरण की रेस चल रही है। टीएमसी पर आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा, ₹बंगाल के 50 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 8 हजार करोड़ रुपये सीधे भेजे गए हैं, लेकिन टीएमसी सरकार को देखिए, वो आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ती। मैं केंद्र से बंगाल के विकास के लिए यहां की सरकार को जो पैसा भेजता हूं, वो टीएमसी के नेता, मंत्री और तोलाबाज मिलकर खा जाते हैं और कांग्रेस आपकी संपत्ति ऐसे वोटबैंक में बांटने की बात कर रही है। युवाओं के भविष्य से खेल रही टीएमसी सरकार मालदा में पीएम मोदी ने शिक्षक भर्ती घोटाला का जिक्र करते हुए कहा कि टीएमसी सरकार लगातार युवाओं के भविष्य से खेल रही है। उन्होंने आगे कहा, ₹शिक्षक भर्ती घोटाले ने 26,000 परिवारों की रोजी रोटी छीन ली। दूसरी तरफ भाजपा युवा सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। टीएमसी ने महिलाओं के साथ किया विश्वासघात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि टीएमसी ने मां-माटी-मानुष की बात कहकर सत्ता में आई, लेकिन सत्ता में आते ही पार्टी से सबसे ज्यादा विश्वासघात महिलाओं के साथ किया। उन्होंने आगे कहा कि जब भाजपा सरकार ने मुस्लिम बहनों को अत्याचार से बचाने के लिए तीन तलाक खत्म किया, तो टीएमसी ने इसका विरोध किया। संदेशखाली में महिलाओं पर इतने अत्याचार हुए और टीएमसी सरकार आखिर तक मुख्य आरोपी को बचाती रही।

## जनता की ताकत के साथ हर असंभव काम का संभव कर रहे

### दादी तो दूर..नाती भी गरीबी हटाने की बात कर रहा: सीएम



**संभल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल लोकसभा क्षेत्र के बिलारी में जनसभा की। उन्होंने इंडी गठबंधन पर भी जमकर हमले बाले। इसके अलावा सपा को भी निशाने पर लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिलारी में कहा कि जनता की ताकत के साथ हम हर असंभव काम को संभव कर रहे हैं। दूसरे चरण के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को जनता का लगातार आशीर्वाद मिल रहा। जब चार जून को ईवीएम खुलेंगे तब एक बार फिर मोदी सरकार का सपना साकार हो जाएगा। मोदी के नाम और उनके काम पर जो आशीर्वाद भाजपा के प्रत्याशियों को प्राप्त हो रहा है वह अभिभूत करने वाला है। जब लोग पूछते हैं कि देश के अंदर आखिरकार चार सौ पार का नारा क्यों लग रहा है। सीएम ने कहा कि यह नारा इसलिए कि मोदी सरकार ने 10 वर्ष में देश की तस्वीर और तकदीर को बदलने का काम किया है। 2004 से 2014 तक कांग्रेस नेतृत्व की यूपीएस सरकार के समय दुनिया के अंदर देश की पहचान का संकट था। तब हमारी सीमाएं सुरक्षित नहीं थी, आतंकवाद चरम पर था और नक्सलवाद देश के अंदर तेजी के साथ फैल रहा था। उस दौरान आतंकी कहीं भी विस्फोट करके निर्दोषों को मार देते थे। कांग्रेस की सरकार के दौरान देश के अंदर विकास कार्य ठप होने के साथ भ्रष्टाचार चरम पर था। गरीबों के हक पर डकैती डालने का कार्य होता था। इसी तरह प्रदेश में सपा और बसपा के समय लोग भूख से मरते थे। आज 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ प्राप्त हो रहा है।

# एससी, एसटी और ओबीसी का अधिकार छीन मुस्लिमों को देना चाहती है कांग्रेस:नड्डा



**● जेपी नड्डा ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन हमारे एससी, एसटी और ओबीसी लोगों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। यही इनका छिपा हुआ एजेंडा है। कांग्रेस के घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है।**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में एक अलग माहौल बना हुआ है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, नड्डा ने दावा किया कि यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। जेपी नड्डा ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन हमारे एससी, एसटी और ओबीसी लोगों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। यही इनका छिपा हुआ एजेंडा है। कांग्रेस के घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। मनमोहन सिंह के बयान का दिया हवाला भाजपा अध्यक्ष ने साल 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलमानों को देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है। इस पर कांग्रेस ने दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने जनता के समर्थन की कमी को देखते हुए चुनाव के दौरान ध्रुवीकरण के लिए झूठ फैलाने और सांप्रदायिक बंटवारे का सहारा लिया है। मुसलमानों को आरक्षण देने की कोशिश वहीं, नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस ने कर्नाटक समेत कुछ राज्यों में मुसलमानों को आरक्षण देने की कोशिश की, जहां भाजपा सरकार ने आरक्षण खत्म कर दिया था। हालांकि, सिद्धारमैया सरकार ने इसे वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में भी मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया था, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के कारण ऐसा नहीं हो सका। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस ने साल 2009 के अपने चुनावी घोषणापत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में उप-कोटा के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों और नौकरियों में मुसलमानों के लिए आरक्षण का वादा किया था। उन्होंने दावा किया कि 2024 के चुनाव घोषणापत्र में बहुसंख्यकवाद के खिलाफ कांग्रेस का रुख एससी, एसटी और ओबीसी के लिए उसकी नफरत को दिखाता है क्योंकि वे समाज में बहुसंख्यक हैं। भाषणों में दलितों के कल्याण के बारे में नहीं बोलने को लेकर बीआर आंबेडकर द्वारा की गई जवाहर लाल नेहरू की आलोचना का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के अधिकार छीनने की पार्टी की पुरानी आदत है। उन्होंने दावा किया कि नेहरू हमेशा मुसलमानों के समर्थन में रहे। अन्य समुदायों की कीमत पर लाभ नहीं मिले भाजपा नेता ने कहा, 'मैं नहीं चाहता कि मुसलमानों की उपेक्षा हो। लेकिन मैं यह जरूर चाहता हूं कि मुसलमानों को अन्य समुदायों की कीमत पर लाभ नहीं उठाना चाहिए। जिन्हें अधिक सुरक्षा की जरूरत हो उसे ही लाभ मिलना चाहिए। कांग्रेस ने राष्ट्रीय धार्मिक और भाषाएं अल्पसंख्यक आयोग का गठन करके साजिश रची कि मुसलमानों में भी जाति है। इसलिए उन्हें भी एससी माना जाए और आरक्षण दिया जाए।' उन्होंने विपक्षी दल पर आरोप लगाया कि मुस्लिमों में भी दलित हैं ताकि अल्पसंख्यक समुदाय को अनुसूचित जाति के आरक्षण का लाभ मिले।

# रायबरेली में भीषण सड़क हादसे में चार बारातियों की मौत

**रायबरेली।** रायबरेली जिले के मिल एरिया थाना क्षेत्र के मालिन पुरवा गांव के पास शुक्रवार को तड़के बारातियों की स्कार्पियो के पहले पुलिया से और फिर पेड़ से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बारात लालगंज के कटहरिन का पुरवा गांव से अमेठी जिले के फुरसतगंज गयी थी और वहां से शुक्रवार को तड़के करीब तीन बजे आठ बराती स्कॉर्पियो से वापस लौट रहे थे। रायबरेली- सुलतानपुर रोड पर मालिन का पुरवा गांव के पास गाड़ी पुलिया से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई। पुलिस के अनुसार, बारात लालगंज के कटहरिन का पुरवा गांव से अमेठी जिले के फुरसतगंज गयी थी और वहां से शुक्रवार को तड़के करीब तीन बजे आठ बराती स्कॉर्पियो से वापस लौट



रहे थे। रायबरेली- सुलतानपुर रोड पर मालिन का पुरवा गांव के पास गाड़ी पुलिया से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में वाहन सवार सभी लोग घायल हो गये। इस हादसे में वाहन सवार सभी लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि आसपास के लोगों की सूचना पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने लालगंज निवासी पंकज पाल (30), अजबी का पुरवा निवासी राघवेंद्र यादव (50), कहरियन का पुरवा निवासी दीपक पाल (28) व अवधेश पाल (45) को मृत घोषित कर दिया। कटहरिन का पुरवा के मुकेश पाल (37), अंकुश पाल (15), ऐहार निवासी बबलू पांडेय (50), शिवा खेड़ा निवासी प्रमोद कुमार का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। मिल एरिया थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

**फास्ट न्यूज**

### आतिशबाजी से लगी आग की चपेट में आकर एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**दरभंगा।** बारातियों ने वहां आतिशबाजी की जिससे शामियाने में आग लग गई। आग से वहां रखे रसोई गैस के एक सिलेंडर में विस्फोट हो गया। आग की चपेट में आकर उनके परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। दरभंगा जिले के अंटोर गांव में बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात एक विवाह समारोह के दौरान की गयी आतिशबाजी से आग लग गई जिससे एक ही परिवार के छह लोगों एवं तीन मवेशियों की मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11 बज कर करीब 15 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि दरभंगा जिले के अलीनगर प्रखंड के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में बीती रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी। बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बारातियों ने वहां आतिशबाजी की जिससे शामियाने में आग लग गई। आग से वहां रखे रसोई गैस के एक सिलेंडर में विस्फोट हो गया। आग की चपेट में आकर उनके परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।

## संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा, इसे बचाने का चुनाव है : अखिलेश

**कन्नौज।** पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जीतने भी भ्रष्टाचारी हैं, अपराधी, माफिया हैं सबको भारतीय जनता पार्टी ने अपनी गोदाम में रख लिया है। गोदाम इतनी बड़ी बना ली कि उसमें सब पार्टी के लोगों को शामिल कर लिया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोरल बॉन्ड ने बीजेपी की बैंड बजा दी है। लोकसभा चुनाव के चल रहे दूसरे चरण के बीच उत्तर प्रदेश के पूर्व



मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यूपी के कन्नौज में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया और कहा कि 2024 का चुनाव संविधान को बचाने के लिए है। रैली में बोलते हुए, अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी बड़े व्यापारियों की मदद कर रही है जबकि इंडिया गठबंधन और सपा गरीबों की मदद करेगी। यह चुनाव संविधान को बचाने के लिए भी है। आपने देखा होगा, भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। याद रखें, यदि संविधान खत्म हो गया तो हमारा वोट देने का अधिकार भी खत्म हो जायेगा। चुनावी सभा में यादव ने कहा कि बड़ी संख्या में नौजवान आए हैं, ये नौजवान जानते हैं इस सरकार में जो भी परीक्षा हुई सबके पेपर लीक हुए। हमने कई सभाओं में कहा जब किसान आपके खिलाफ है और नौजवान खिलाफ हैं तो यह कहां से जीतेंगे? उन्होंने कहा कि ये सपने दिखा रहे हैं बीजेपी के लोग कि हमारा देश विश्वगुरू बनने जा रहा है, अगर हमारे प्रधानों ने सहयोग न किया होत तो ये विकसित यात्रा भी ना निकाल पाते। ये नौजवान हैं जिन्हें फौज की नौकरी मिल सकती थी, लेकिन अग्निवीर की व्यवस्था कर दी 4 साल की नौकरी, न पेंशन न पक्की नौकरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जीतने भी भ्रष्टाचारी हैं।

# हम उत्तराखंड में यूसीसी लाए हैं, देश भर में भी लागू करेंगे:शाह

**मध्य प्रदेश।** अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने इस देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त किया है। हमारे मध्य प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को ध्यान से पढ़िए। मध्य प्रदेश के गुना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। मोदी जी ने देश में 1 करोड़ लखपति दीदी बनाई है, ये चुनाव और 3 करोड़ माताओं को



लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 10 साल में देश के करोड़ों गरीबों के लिए ढेर सारे काम किए हैं। साथ ही मोदी जी ने कुछ ऐतिहासिक काम भी किए हैं। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने इस देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त किया है। हमारे मध्य प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को ध्यान से पढ़िए। उन्होंने कहा है कि हम पर्सनल लॉ को फिर से लागू करेंगे। ये (कांग्रेस) मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहते हैं। आप ये बताइए, क्या ये देश शरिया से चल सकता है? राहुल बाबा, आपको तुष्टिकरण के लिए जो करना है, वो करो। लेकिन जब तक भाजपा है, हम पर्सनल लॉ नहीं लाने देंगे। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि ये देश वउउ से चलेगा, ये हमारे संविधान की स्पिरिट है। हम उत्तराखंड में वउउ लाए हैं और नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है कि हम देश भर में वउउ को लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने इस देश के विकास में सबसे पहली प्राथमिकता रउ, रळ और डइउ को दी है। लेकिन, कांग्रेस कहती है कि इस देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है। कांग्रेस की मंशा हम पूरी नहीं होने देंगे।

## त्रिपुरा में सबसे अधिक मतदान

**नई दिल्ली।** केरल और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम में गड़बड़ी की खबरें भी मिली हैं। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभाणी में कुछ गांवों के मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर शुक्रवार को पहले छह घंटे में 39 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। केरल और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम में गड़बड़ी की खबरें भी मिली हैं। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभाणी में कुछ गांवों के मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार सर्वाधिक मतदान त्रिपुरा में दर्ज किया गया है जहां अपराह्न 1 बजे तक 54.47 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, वहीं महाराष्ट्र में सबसे कम 31.77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा, दूसरे चरण में अपराह्न एक बजे तक लगभग 39.13 प्रतिशत मतदान हुआ।

# घबराए हुए लगते हैं मोदी, कुछ दिनों में स्टेज पर आंसू ना निकल आएं: राहुल

**कर्नाटक।** राहुल ने कहा कि मोदी आपका ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान के बारे में बात करते हैं, तो कभी वह आपसे थाली पिटवाएंगे और आपसे अपने मोबाइल फोन की टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी इन दिनों अपने भाषणों के दौरान ₹बहुत घबराए हुए₹ दिखाई देते हैं और मंच पर रो भी सकते हैं। कर्नाटक के बीजापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ₹नरेंद्र मोदी इन दिनों अपने भाषणों के दौरान काफी घबराए हुए रहते हैं। हो सकता है कि कुछ



दिनों में वह मंच पर आंसू बहाएं।₹ कांग्रेस सांसद ने पीएम मोदी पर गरीबी, बेरोजगारी और मूल्य वृद्धि जैसे मुख्य मुद्दों की अनदेखी करते हुए विभिन्न माध्यमों से ₹जनता का ध्यान भटकाने₹ का भी आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि मोदी आपका ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान के बारे में बात करते हैं, तो कभी वह आपसे थाली पिटवाएंगे और आपसे अपने मोबाइल फोन की टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे। राहुल गांधी की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस के कई नेता लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद पीएम मोदी द्वारा अपनी '400 पार' सीटों की पिच पर ध्यान केंद्रित करने का दावा कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार प्रत्येक स्नातक को प्रशिक्षुता कार्यक्रम का अधिकार प्रदान करने वाली पहली सरकार होगी... स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को सरकार से 1 वर्ष के लिए रोजगार मांगने का अधिकार होगा। हम ग्रेजुएट्स को अप्रेंटिसशिप गारंटी दे रहे हैं... पीएम नरेंद्र मोदी ने कभी किसानों का कर्ज माफ नहीं किया. हम किसानों का कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकताओं, हमारे 'बब्बर शेरों'..आप कांग्रेस की विचारधारा और गरीबों के लिए लड़ते हैं, आपको दिल से धन्यवाद और ढेर सारा प्यार। राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में जो गारंटियां दी थीं, उन्हें पूरा कर दिखाया है, जिससे यहां के लोगों को बहुत फायदा मिल रहा है। नरेंद्र मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं, कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी।

# Editorial

## Patrimonial dispute

The informal proposal in the Congress quarters of an inheritance tax has garnered attention and curiosity across India. While the party has distanced itself from these remarks, originally made by Indian Overseas Congress chairperson Sam Pitroda, the Statement has given another stick to the BJP to beat the Congress with. As to the viability of implementing a tax system akin to America's, delving into the issue requires a comprehensive examination of various factors, including economic, social and political. The US has long embraced the concept of taxing inheritance, albeit with its own complexities and controversies. The rationale behind such a tax is multilayered. One, it aims to address wealth inequality by ensuring that accumulated wealth is not perpetually passed down generations without contributing to public good. Two, it serves as a source of revenue for the Government, aiding in funding public services and initiatives. However, the implementation of an inheritance tax in India would face unique challenges. One of the primary concerns is the prevalence of informal economies and undocumented wealth, which could potentially evade taxation. Additionally, India's cultural and social fabric places a significant emphasis on familial ties and inheritance practices, making the introduction of such a tax a sensitive issue. Moreover, the Indian taxation system already comprises various levies, including income tax, capital gains tax and wealth tax (though repealed in 2015), which may complicate the addition of an inheritance tax. There are also concerns about the practicality of administering such a tax, given the diverse nature of assets and prevailing inheritance structures. However, proponents argue that implementing an inheritance tax could serve as a tool for promoting economic mobility and reducing wealth concentration among a select few. By imposing a tax on large inheritances, the Government could potentially redistribute wealth more equitably and generate revenue to fund social welfare programmes. To effectively assess the feasibility of an inheritance tax in India, policymakers would need to engage in extensive consultations with stakeholders, including economists, tax experts, legal professionals and the public. Additionally, careful consideration has to be given to designing a tax framework that minimises loopholes and ensures compliance while addressing concerns related to family businesses, agricultural land and other sensitive assets. Any decision to introduce an inheritance tax should be accompanied by measures to enhance tax transparency, improve enforcement mechanisms and bolster efforts to combat tax evasion and avoidance. In conclusion, while the idea of taxing inheritance in India draws parallels with the US model, its implementation would necessitate a nuanced approach tailored to the nation's unique socio-economic context.

# The marginalisation of disabled in politics

In the vast landscape of Indian democracy, where diversity should thrive, the voices and needs of individuals with disabilities often echo in silence. Despite India accounting for 2.68 crore persons with disabilities, making up 2.28 per cent of the population as per Census 2011, the disabled community has been unable to find its place in mainstream politics. With the Lok Sabha General Elections 2024 looming large and around the corner, a stark reality emerges: out of the 543 seats, not even one is occupied by a person with a disability. This absence speaks volumes, reflecting a systemic failure to acknowledge the rights and contributions of over 2.68 crore disabled individuals. As the countdown to the elections intensifies, this leads us to critical questions. Why do the demands of persons with disabilities find little or no place in the manifestos of the political parties? Why do the exit polls overlook this significant demographic, pushing them to the sidelines of the demographic discourse? Can we truly celebrate the biggest festival of democracy with one of the significant sections of the population lagging behind? A vicious cycle



of exclusion persists when it comes to the political representation of persons with disabilities. Political parties often overlook people with disabilities, considering them a marginalised group who do not vote and are "incompetent" and "incapable" of creating any electoral impact. Professor Anita Ghai poignantly observes this disparity as "to be disabled is to be disabled by society."Too often, persons with disabilities are portrayed solely as objects of inspiration, highlighting their perceived "achievements" in crawling, reaching a polling booth and overcoming all the adversities. While these stories may momentarily touch hearts, they ultimately reinforce stereotypes, further excluding the disabled community from active participation in the electoral process. Moreover, the physical barriers encountered at the polling stations compound the challenges faced by disabled voters, stripping away their dignity and agency. Lack of accessibility of polling stations and booths, absence of information, as well as inadequate capacity building of staff to support persons with disabilities, often make it difficult for disabled people to exercise their political rights.For instance, during the Karnataka Assembly Elections held in 2023, when Anitha (38) arrived at the polling center, having traveled 20 km on her three-wheeled mobility bike, she was unable to make her way to the polling booth. There were no wheelchairs stocked at the facility. She says "The ramp was too narrow and could only accommodate a two-wheeler. It could not fit my three-wheeled assisted bike. The only person to ask for help was the security guard, who shrugged it off and told me to 'manage' like the other voters with disabilities, who were forced to crawl up the ramp, to the booth to cast their vote." Anitha's experience serves as a reminder of the systemic neglect that plagues our electoral infrastructure.The challenges multiply for those with lesser known and lesser visible disabilities, such as those with blood disorders and intellectual and developmental disability. For example, the absence of sign language interpreters during political campaigns renders crucial information inaccessible, further alienating persons with speech and hearing impairments. In a democratic process that is built on inclusivity and fairness, these barriers erode the dignity of its disabled citizens, which it promised to uphold. Further, the lack of concrete and official data exacerbates the situation. Without accurate statistics on the number of disabled voters who cast their votes and their representation in positions of power, policy formulation becomes a shot in the dark. The reliance on outdated figures, such as considering only 7 kinds of disabilities as against 21 as per the amended Rights of Persons with Disabilities Act (RPwD) 2016, further compounds the problem. This dearth of information results in a lack of targeted policies and inadequate budget allocations for persons with disabilities.Yet, amidst these challenges lies an opportunity for transformation. The need is for persons with disabilities to be considered a part of the mainstream discourse around development. It is time to shift from a tokenistic approach to disability towards a more rights-based approach. Significantly, we need to move away from the traditional approach of treating disabled persons as mere beneficiaries and recipients of pensions and assistive devices. As we mark 75 years of independence, the fundamental rights of persons with disability to participate in the civil and political systems of the State must be respected and honoured. This necessitates that persons with disabilities hold a seat at the table, with them being key stakeholders in designing and developing all policies and programs developed for them. Integration of the needs of the disabled community across all facets of governance is the need of the hour. I believe that it is only then that we can truly realise the vision of a 'Viksit Bharat' and propel India towards its aspiration of a $ 5 trillion economy.

# Neglect spurs industry exodus in Punjab

After independence till the year 2011-12, Punjab was considered to be one of the rich and prosperous States of India. In the year 2000-01, the per capita income of Punjab was not only the highest in the country, but it was also 9 per cent more than the second richest State, namely, Haryana. But in the year 2012-13, the per capita income of Punjab slipped to the second position and today Punjab has reached the 10th position in terms of per capita income among the States with a population of more than 1 crore and the 19th position among all the States, and has now become the second slowest growing States in the country.In the year 2011-12, when Punjab's per capita income was the highest in the country, the share of agriculture was 24 per cent, that of industries 28.4 per cent and that of services 47.6 per cent. But by the year 2022-23, the share of agriculture had increased to 28.94 per cent, while the share of industries and services was reduced to 25.51 per cent and 45.91 per cent respectively. It can be assumed that the industry and service sector have shrunk in Punjab. While talking about its neighbouring State Haryana, the share of industries in GDP in Haryana has increased from 25.90 per cent to 28 per cent between the years 2011-12 and 2021-22. The share of industries in Gujarat has increased from 36 per cent to 43 per cent during the same period, and in Tamil Nadu from 27.9 per cent to 33 per cent. It can be understood that during this period, deindustrialisation has taken place in Punjab. Although Punjab is famous in the world for its population migrating to different parts of the world, since the beginning, after independence, a large number of Punjabi people migrated to the USA, Canada, Europe and many other countries. Punjab benefited a lot from these migrant Punjabis. The money sent to Punjab by the migrant Punjabis from abroad was greatly beneficial for the development of agriculture and industries. A wave of industrial development was seen in Punjab for a long time.But for quite some time now it has been observed that not only has the industrial development of Punjab come to a halt, but a large number of industries have now started migrating out of Punjab. Industries of Punjab have now started shifting to its neighbouring States like Haryana, Himachal Pradesh, Rajasthan etc. as well as to distant States like Madhya Pradesh, Maharashtra, Tamil Nadu, Gujarat etc. Punjab was especially known for its engineering industry, but many engineering companies have now shifted to the user States of their products. On the other hand, Jalandhar was considered a big centre for sports products, and many sports industries there, have now shifted to Meerut, Uttar Pradesh. It is being observed that textile and garment industries have shifted to Madhya Pradesh, the bicycle industry to Chennai and China, knitwear industry to Africa, Southeast Asia and Madhya Pradesh.Anti-industry policies of Punjab GovernmentThe agriculture sector in Punjab has been considered very important from an economic point of view. It is worth noting that although only 28.94 per cent of the total GDP in Punjab comes from agriculture, more than 65 per cent of its population depends directly on agriculture. A sad part of Indian democracy is its populist policies. In Punjab, these populist policies have worked to adversely affect the economic development of Punjab. Punjab, that is, the region of five rivers, has been very rich in terms of water. However in Punjab, due to the ease of groundwater extraction, a large number of tube wells were installed. To please farmers, the Punjab Government started the scheme of giving free electricity for agriculture. In such a situation, excessive exploitation of water started. Due to this, many districts of Punjab have now become dark zones, that is, where the availability of groundwater has depleted excessively.However, the Punjab Government's policy of giving free electricity to agriculture has not only affected the availability of groundwater but has also affected the industries there. The Punjab Government has put most of the burden of free electricity for agriculture on industries and businesses. Due to this electricity has become very expensive for industries, causing a huge disadvantage to the Punjab industry vis a vis their counterparts elsewhere. This has seriously affected the viability of industries. They have no option left but to move out of Punjab to other States and even to foreign countries.

### सीएम योगी ने बिलारी में जनसभा को किया संबोधित

# बुलडोजर खड़ा कर मुख्यमंत्री का अनोखा स्वागत




**मुरादाबाद,।** जनपद की बिलारी विधानसभा में संभल लोकसभा के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। यहां मंच के सामने बुलडोजर खड़ा कर मुख्यमंत्री का अनोखा स्वागत किया गया। बुलडोजर से स्वागत पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा, भाजपा की सरकार से पहले प्रदेश में अराजकता का माहौल था। लेकिन, जब से बुलडोजर की कार्रवाई हुई है। अपराधी थरथर कापते हैं। अपराधियों में बुलडोजर का खौफ रहता है। बुलडोजर ने न जाने कितने अपराधियों को जमी दोज़ कर दिया है। इस दौरान मुस्लिम कार्यकर्ता भी बेहद उत्साहित और खुश दिखाई दिए। दरअसल मुरादाबाद जनपद की कुन्दरकी और बिलारी विधानसभा संभल लोकसभा में आती हैं जहां तीसरे चरण में चुनाव होना है।

# लंबित परियोजनाओं को जून तक पूरा करने को दिखानी होगी तेजी

**मुरादाबाद,।** मुरादाबाद स्मार्ट सिटी की महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूरा होने की अभी राह देखी जा रही



है। तीन बार इसकी डेडलाइन बढ़ने पर भी अभी सात परियोजनाएं अधर में हैं। हालांकि 31 परियोजनाओं का काम पूरा हो चुका है। जो परियोजनाएं अभी अधर में हैं उनकी लागत 369 करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें 121.76 करोड़ रुपये की स्मार्ट रोड नेटवर्क परियोजना भी शामिल है।

जनपद अमरोहा के थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव ढबारसी निवासी महिला की शादी 13 दिसंबर 2018 को थाना मझोला क्षेत्र के धीमरी निवासी युवक से हुई थी। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शादी के बाद पति उसे लेकर हिमाचल चला गया और वहां 3–4 माह तक रखा। पीड़िता का दावा है कि पति का शादी से पहले गजरौला की एक लड़की से अवैध संबंध है। जिससे वह फोन पर बातें करता था और उसी के चक्कर में आए दिन परेशान करता था। इतना ही नहीं उसके चक्कर में ही पति मारपीट कर चार साल की बेटी के साथ घर से निकाल दिया था। जिसके बाद से वह मायके में रह रही है। पीड़िता का आरोप है कि अब पति ने तीसरी महिला से शादी कर ली है और उसके साथ हिमाचल के सोलन में रह रहा है। इसकी शिकायत पीड़िता ने अपनी सास, जेठ, बहनोई और अन्य ससुरालियोंसे की तो सभी उसे भलाबुरा कहने लगे। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने कहा कि तू घर से पांच लाख रुपये लाकर दे तभी तुझे साथ रहने देंगे। पीड़िता ने मांग पूरी करने में समर्थता जताई तो आरोपियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने कार्रवाई करने के आदेश दिए। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर पति समेत नौ ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

# सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

मुरादाबाद,। शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार रिश्ते के दो भाइयों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। जबकि आरोपी चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। दोनों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। जनपद संभल के हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव ढकरी निवासी सतेंद्र सिंह (35) के परिवार में पत्नी रजनी, दो बेटे देवू और यश है। सतेंद्र दिल्ली में रहकर ड्राइवरी करता था, इसके अलावा वह दिल्ली में ही परचून की दुकान भी चलता था। कुछ दिन पहले ही सतेंद्र दिल्ली से अपने घर आया था। बीते गुरुवार की रात सतेंद्र अपने रिश्ते के भाई पिंकू चौहान (30) निवासी एकता कॉलोनी मंडी समिति थाना मझोला के साथ बाइक पर सवार होकर बिलारी से मुरादाबाद शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। बताया गया कि जब यह





दोनों कुंदरकी थाना क्षेत्र के जैतपुर पट्टी के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार ट्रक ने इनको टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार सतेंद्र सिंह और पिंकू चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि हादसे को अंजाम देने वाला चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मुरादाबाद के जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अस्पताल स्टाफ ने दोनों शव मोर्चरी में रखवा दिए। पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए। सतेंद्र और पिंकू चौहान की मौत से दोनों के परिवार में कोहराम मच गया है। शुक्रवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद सतेंद्र व पिंकू का शव परिजनों के हवाले कर दिया। दोनों भाइयों की मौत से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# प्रेमिका से की दूसरी शादी, पत्नी को घर से निकाला...पति समेत नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद,। पति ने प्रेमिका के चक्कर में पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद आरोपी ने चोरी–छिपे प्रेमिका से शादी कर ली। पत्नी को इसका पता चला तो उसने ससुरालियों से शिकायत की। लेकिन, ससुरालियों व पति ने पांच लाख रुपये की मांग की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जनपद अमरोहा के थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव ढबारसी निवासी महिला की शादी 13 दिसंबर 2018 को थाना मझोला क्षेत्र के धीमरी निवासी युवक से हुई थी। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शादी के बाद पति उसे लेकर हिमाचल चला गया और वहां 3–4 माह तक रखा। पीड़िता का दावा है कि पति का शादी से पहले गजरौला की एक लड़की से अवैध संबंध है। जिससे वह फोन पर बातें करता था और उसी



के चक्कर में आए दिन परेशान करता था। इतना ही नहीं उसके चक्कर में ही पति मारपीट कर चार साल की बेटी के साथ घर से निकाल दिया था। जिसके बाद से वह मायके में रह रही है। पीड़िता का आरोप है कि अब पति ने तीसरी महिला से शादी कर ली है और उसके साथ हिमाचल के सोलन में रह रहा है। इसकी शिकायत पीड़िता ने अपनी सास, जेठ, बहनोई और अन्य ससुरालियों से की तो सभी उसे भलाबुरा कहने लगे। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने कहा कि तू घर से पांच लाख रुपये लाकर दे तभी तुझे साथ रहने देंगे। पीड़िता ने मांग पूरी करने में समर्थता जताई तो आरोपियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने कार्रवाई करने के आदेश दिए। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर पति समेत नौ ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

# मतदान करना हम सब का अधिकार

जौनपुर।मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर के निर्देशन के क्रम में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज बीटीसी जौनपुर में बीटीसी प्रशिक्षुओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन एवंम वोट करेगा जौनपुर नारों के साथ सभी मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया गया इस मौके पर डीएलएड प्रभारी डॉ आरपी सिंह,डॉ निलेश सिंह, डॉ संतोष सिंह,अहमद अब्बास खान,तकरीम फातिमा,डॉ आलमीना परवीन एवं प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# कार, बुलेट की टक्कर में दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत

खुटहन, जौनपुर। शाहगंज वाया प्रयागराज राजमार्ग पर गोसाईंपुर नहर पुलिया के पास शुक्रवार को कार की टक्कर से बुलेट सवार दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। मौका पाकर चालक कार सहित फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव कब्जे में ले लिया। बुलेट सवार मृतकों ने हेलमेट नहीं पहना था।सरपतहा थाना क्षेत्र के भटौली पट्टी नरेंद्रपुर गांव निवासी 24 वर्षीय शिवम सिंह पुत्र राजेश अपने चचेरे भाई 22 वर्षीय आयुष सिंह पुत्र सुरेश को अपनी बुलेट मोटरसाइकिल पर बैठाकर शाहगंज किसी काम से गये थे। जहां से वापस लौटते समय उक्त नहर के पास सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। दोनों भाई के सिर में गंभीर चोटें आने से वे सड़क पर गिर बेहोश हो गए। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया। जहां देखते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही मृतकों के स्वजन अस्पताल पहुंच गए। उनके रोने बिलखने से पूरा माहौल गमगीन हो गया। पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में लगी हुई है।

# बीईओ ने बिना मान्यता के चल रहे तीन स्कूलों में लगाया ताला

खुटहन, जौनपुर। क्षेत्र में बगैर मान्यता के चल रहे विद्यालयो के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। शुक्रवार



को खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने बिना मान्यता के चल रहे तीन निजी विद्यालयों में ताला लगा दिया। प्रबंधकों को निर्देश दिया कि यदि शील बंद ताले के साथ छेड़छाड़ हुई तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। एबीएसए सुबह राजाराम कान्वेंट स्कूल मोबारकपुर रानीपुर पहुंचे। यहां जांच पड़ताल के बाद वे सरस्वती ज्ञान मंदिर अंगुली पहुंचे। इसके बाद श्रीकृष्ण माडर्न स्कूल दिदखोरा कलापुर की जांच किया। उक्त तीनों निजी शिक्षण संस्थानों के जिम्मेदार स्कूल की मान्यता का प्रमाण पत्र नहीं दे सके। खंड शिक्षा अधिकारी ने तीनों स्कूलों के मेन गेट में ताला जड़ दिया। निर्देश दिया कि जब तक मान्यता हासिल न हो,तब तक विद्यालय संचालित नहीं किए जायेंगे।

# शिक्षा, मूली, मक्का एवं मित्रता की मिसाल है जौनपुर : प्रो. पातंजलि

जौनपुर। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ प्रेमचंद पतंजलि ने बीटीसी एवं बी.एड कर रहे प्रशिक्षुओं को कुछ अहम विषयों पर सुझाव एवं आगे बढ़ने के गुणोंसे अवगत कराया। पूर्व कुलपति ने कहा कि समाज को सुधारने में शिक्षक का अहम रोल होता है। आज के वर्तमान समय में शिक्षक कौशल क्रियाओं के द्वारा बच्चों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हैं जिनसे बच्चों में शिक्षा प्राप्त करने की ललक पैदा हो रही है। समाज का सबसे प्रतिष्ठित पद शिक्षक का होता है शिक्षक को हमेशा इस संकल्प के साथ कार्य करना चाहिए कि शिक्षार्थी का भविष्य किन्हीं कारण से बाधित न हो और उसके भविष्य में किसी तरह की कोई समस्या उत्पन्न हो एवंम छात्रों को जातिगत एवं किसी धर्म सूचक शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए सभी विषयों के पाठ्यक्रम में हमेशा उन्ही शब्दों का प्रयोग किया जाता है जिससे शिक्षार्थी का भविष्य उज्जवल हो। उन्होंने कहा कि जौनपुर हमेशा से शिक्षा मूली मक्का मित्रता की मिसाल पूरे देश में रखता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर ने पूर्व कुलपति का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर डीएलएड प्रभारी आर.पी सिंह, डॉ प्रज्वलित यादव, डॉ गुलाब मौर्या, डॉ संतोष यादव अहमदाबाद खान, तकरीम फातिमा, डॉ अलमीन परवीन अन्य छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

## पत्रकार उत्पीडन एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्याग्रह आन्दोलन का 992वाँ दिन

जौनपुर। सत्याग्रह आन्दोलन के 992वें दिन पत्रकार उत्पीडन, भ्रष्टाचार, जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला एवं सिरकोनी बाजार (इजरी) की भीषण डकैती काण्ड के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में 'सत्याग्रह आन्दोलन' जारी रहा। सत्याग्रह आन्दोलनकारी यशवन्त कुमार गुप्त ने बताया कि यह आन्दोलन जाँच के मुख्य बिन्दुओं पर कायम रहते हुए समस्या के निस्तारण तक जारी रहेगा। 9 अगस्त 2021 से यह आन्दोलन चलाया जा रहा है। आन्दोलन के समर्थन में रविन्द्र कुमार गुप्त बैंकर, विजय बहादुर सिंह, विजय प्रकाश मिश्र, जगदीश कुमार गुप्ता, रामदवर, अमरेन्द्र श्रीवास्तव, बिहारी लाल यादव, अमरेश कुमार पाण्डेय, राम नगीना यादव, उपेन्द्र श्रीवास्तव, रामबहाल यादव, प्रेम प्रकाश मिश्र व अन्य लोग उपस्थित रहे।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# जिलाधिकारी ने क्रिटिकल बूथ उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर बनकट एवं प्राथमिक विद्यालय रघुवीरपुरवा का किया औचक निरीक्षण

रिपोर्ट देवी पाटन मंडल ब्यूरो प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती द्य जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु विकासखण्ड इकौना के अन्तर्गत बनाये गये क्रिटिकल बूथ उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर बनकट एवं प्राथमिक विद्यालय रघुवीरपुरवा का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में बच्चों को दी जा रही शिक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। प्राथमिक विद्यालय शिवपुर बनकट के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में नामांकन के सापेक्ष छात्र छात्राओं की उपस्थिति कम पाये जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र–छात्राओं की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। यदि कोई




छात्र या छात्रा नामांकन के बाद स्कूल नहीं आ रहें है तो उनके अभिभावक से बात कर स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किया जाए ताकि कोई भी शिक्षा से वंचित न रहने पाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता की परख करने के उद्देश्य से वहीं पर कार्यरत शिक्षामित्र से ब्लैकबोर्ड पर गणित के प्रश्न हल कराये, शिक्षामित्र द्वारा सवाल हल नहीं कर पाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षामित्र को कड़ी फटकार लगायीऔर बेसिक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। साथ यह भी निर्देशित किया कि बच्चों को बेहतर ढंग से पढ़ाया जाए। उन्होने विद्यालय में बने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में साफ–सफाई, किचन, बिजली, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त करने के निर्देश दिये। तदोपरान्त जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय रघुवीर पुरवा का भी निरीक्षण किया तथा विद्यालय में मिलीं खामियों को दूर करने हेतु सम्बन्धित प्रधानाध्यापक को दिया निर्देश। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्र–छात्राओं से संवाद कर उन्हें दी जाने वाले सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होने रसोई घर जाकर मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली तथा बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने वहीं पर बने आंगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण कर जायजा लिया तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि पंजीकृत बच्चां के सापेक्ष उनकी उपस्थिति दर्ज कराये तथा सैम–मैम बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें आयरन सीरप मुहैया कराया जाना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी इकौना ओम प्रकाश सहित विद्यालय के अध्यापकगण, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका तथा छात्र–अपनाएं छात्र–छान्नाएं उपस्थित उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### खजुराहो लोकसभा चुनाव अंतर्गत बोटिंग आज सजाए गए बोटिंग केंद्र

क्यों ना लिखूं सच देवेंद्र नगर से घनश्याम प्रसाद शर्मा की रिपोर्ट


लोकसभा चुनाव अंतर्गत खजुराहो लोकसभा की वोटिंग आज जिसमें शासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया किसी को किसी भी प्रकार की समस्या या लालच तथा धमकी देने पर शासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया जिस पर आप बिना किसी से डरे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं तथा पोलिंग बूथ को दुल्हन की तरह सजाया गया वोटिंग केदो में अपाहिज लोगों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है जो की बाहर से ले जाकर वोट डलवाने तक की जिम्मेदारी शासन की रहेगी साथ ही आंगनबाड़ियों के माध्यम से घर–घर पीले चावल भेजे गए जिससे ज्यादा से ज्यादा वोटिंग हो सके इसके लिए शासन द्वारा सुबह 7रू00 से शाम 6रू00 बजे तक के लिए वोटिंग का समय रखा गया रंग–बिरंगे तरीके से वोटिंग के द्वार सजाए गए सेल्फि स्टैंड लगाए गए एवं देवेंद्रनगर में आठ पोलिंग बूथ बनाए गए जिसमें मतदाता अपने प्रत्याशियों का चयन करेंगे साथ ही साथ प्रशासनिक अधिकारी हर पोलिंग पर बराबर नजर बनाए हुए हमने अपने चौनल के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी के संबंध में भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए जिसमे इनके द्वारा बताया गया इस बार 400पार और मोदी की गारंटी पर चुनाव लडा गया और खजुराहो लोकसभा प्रत्यासी वी डी शर्मा बहुत ज्यादा वोट से जीतेगी।

### पच्चीस हजार का पुरस्कार घोषित हिस्ट्रीशीटर शातिर चोर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

रिपोर्ट देवी पाटन मंडल ब्यूरो प्रेमचंद जायसवाल

अवैध तमंचा तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद

श्रावस्ती 25000 का इनामियां हिस्ट्रीशीटर शातिर चोर शंकर चौहान पुत्र बहादुर ग्राम लोनियन पुरवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती के संबंध में मुखबिर द्वारा सूचना मिली की उक्त अभियुक्त अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम शाहपुर पूरे शिवदीन के निकट ककरदरी जंगल की तरफ से आने वाले रास्ते पर आ रहा है इस सूचना पर स्वाट टीम व थाना सिरसिया पुलिस ने ककरदरी जंगल के पास घेराबंदी कर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। घेराबंदी के दौरान अभियुक्त शंकर चौहान द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किया गया, पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त शंकर चौहान के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसे इलाज हेतु सीएचसी सिरसिया लाया गया। दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु टीमें लगा दी गई है। अभियुक्त शंकर चौहान के कब्जे से 01 अदद नाजायज तमंचा 12 बोर, 04 जिंदा कारतूस 12 बोर व मौके पर खोखा कारतूस तथा चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला कि अभियुक्त शंकर चौहान थाना कोतवाली भिनगा का हिस्ट्रीशीटर तथा इसके विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, मारपीट, आबकारी अधिनियम के 06 अभियोग पंजीकृत है। थाना सिरसिया पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



### पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा यातायात जागरुकता का चलाया अभियान

खबर श्रावस्ती उत्तर प्रदेश

रिपोर्ट देवी पाटन मंडल ब्यूरो प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा दिये गये दिशा–निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री संदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने कस्बा भिनगा मे सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओंकी रोकथाम हेतु सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिनांक 22.04.2024 से 04.05.2024 तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारीयो के साथ ईदगाह तिराहा कस्बा भिनगा मे आम नागरिको को यातायात के नियमो का पालन करने हेतु उन्हे एकत्रिक कर जागरूक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमट पहनने, दो पहिया वाहनो पर 02 से अधिक सवारी न बैठाने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का उपयोग करने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलायें, ओवर स्पीड में वाहन न चलानें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन / इयरफोन का प्रयोग न करने के बारे मे निर्देशित करते हुए उन्हे यातायात के नियमो की जानकारी दी गयी सड़क सुरक्षा संकेतो के प्रति जागरुक भी किया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमो का उल्लंघन करने पर 40 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी।



### जिस मासूम को झाड़ियों में मरने के लिए फेंक दिया था वह अब विदेश में पलेगा...

किस्मत का खेल निराला है... जिस मासूम को मरने के लिए झाड़ियों में फेंक दिया था, जिसे कुत्ते नोंच रहे थे वह अब सात समंदर पार रहकर अपना जीवन जीएगा.... दरअसल 11 जनवरी 2024 के दिन इंदौर के पीथमपुर क्षेत्र में कंटीली झाड़ियों में पॉलिथीन के अंदर एक मासूम मिला था, जिसे कुत्ते नोंच रहे थे... वह बुरी तरह घायल था... कई महीनों तक उसका एमटीएच में इलाज चला... फिस उसे संजीवनी संस्था रैफर कर दिया गया... यहां वह सालभर रहा... अब एक विदेशी दम्पती उसे गोद ले रहे हैं... इसके लिए किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 से 2021 संशोदन अधिनियम के तहत सारी प्रक्रिया भीकी गई... उक्त दम्पती ने केन्द्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण (सीएआरए) के जरिए इस मासूम को विधिवत गोद लिया है... इस मामले की खासीयत यह है कि अमेरिका में रहने वाले इस विदेशी दम्पती की पहले से ही दो संतानें हैं, बावजूद इसके उन्होंने उक्त मासूम को गोद लेने में रुचि दिखाई... दम्पती का दावा है कि वे इस मासूम बच्चे को भी अपनी दोनों संतान की तरह खूब प्यार–दुलार देंगे..!



## महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा जारी किया गया प्रशस्ति पत्र

एटा,अपर पुलिस महानिदेशक , महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा जारी किया गया प्रशस्ति पत्र , पुलिस कार्यालय पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा मुख्य महिला आरक्षी , पार्वती एवं महिला आरक्षी स्वांति को प्रदान किया गया , पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर कार्य किए जाने के लिए प्रेरित किया।



## सशस्त्र सीमा बल ने किया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

रिपोर्ट तहसील संवाददाता अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट 62वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के नेतृत्व में एवं घनश्याम चौरसिया, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती और रामबरन, खण्ड विकास अधिकारी सिरसिया, ग्राम प्रधान तालभगौड़ा और केंद्रीय विद्यालय श्रावस्ती एवं अन्य विद्यालय के सहयोग से श्जीश समवाय सुईया के कार्यक्षेत्र तालभगौड़ा बाजार में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के दौरान रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट, के साथ घनश्याम चौरसिया पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती, निरुपेश कुमार, उप–कमाडेंट, सोनू कुमार, उप– कमान्डेंट, केन्द्रीय विद्यालय श्रावस्ती के शिक्षक सहित छात्र व छात्राओं और स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा तालभगौड़ा बाजार में मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। हाथों में बैनर व मतदाता स्लोगन की दख्ती लिए इस बीच छात्रों की तरफ से जागरूकता संबंधित नारे भी लगाए गए। लोंगो को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान कमाण्डेन्ट ने कहा कि इस लोकतंत्र में व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मत देने का अधिकार है। लोगों को अपने इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए। लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शान्तिपूर्ण तरीके से अक्षुण बनाये रखने के लिए हमें निर्भीक होकर धर्म, जाति, समुदाय, भाषा या किसी अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का शत प्रतिशत प्रयोग करना चाहिए। इस मतदाता जागरूकता रैली में श्जीश समवाय प्रभारी निरीक्षक मन बहादुर गुरुंग के साथ अन्य एसएसबी जवान और ग्राम प्रधान तालभगौड़ा, भारी संख्या में स्थानीय नागरिक, केन्द्रीय विद्यालय श्रावस्ती सहित अन्य स्कूल के शिक्षक, छात्र व छात्राएं प्रतिभाग किये ।



## 02 शातिर साइबर अपराधी चढ़े एटा पुलिस के हत्थे, भोले भाले लोगों के बैंक खाता खुलवा कर खातों की सप्लाई अन्य राज्यों में करते थे, 02 मोबाइल बरामद

जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री योगेन्द्र सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर श्री अमित राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा दिनांक 25.04.24 को मुअस–53/2024 धारा–420 भादवि व 66 आईटी एक्ट थाना मारहरा में वांछित चल रहे 02 अभियुक्ततों को समय करीब 18.20 बजे कांसगज रोड जी०टी० रोड बाईपास के फ्लाई ओवर के नीचे से अन्तर्गत चौकी लिप्टन थाना कोतवाली देहात एटा के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



गिरफ्तार अभियक्तों का नाम व पता–

01. सन्जू उर्फ संजय माथुर पुत्र सूरजपाल सिंह निवासी–समसपुर थाना मारहरा जनपद एटा।

02. कपिल माथुर पुत्र टीकम सिंह निवासी समसपुर थाना मारहरा जनपद एटा।

बरामदगीः–

01.02 एन्ड्राइड मोबाइल

02.03 सिमकार्ड

03. अभियुक्तो के द्वारा विक्रय किये खातों 12 बैंक खातों में 101,695 रुपये की धनराशि को फ्रीज कराया गया।

मुख्य बिन्द–

01. अभियुक्तगणों द्वारा भोले–भाले लोगों को प्रलोभन देकर बैकों में खाता खुलवाते हैं।

02. भोले भाले लोगों से बैंक खातों की किट प्राप्त कर उपरोक्त बैंक खाता किटों को अन्तर्राज्यीय साइबर अपराधियों को खाता सप्लाई करते

03. अभियुक्तगण अपने मंहगे शौक करने के शौकीन हैं तथा साइबर ठगी के लिए खाता सप्लाई करने के वाद अपने मंहगे शौक पूरे करते हैं।

04. अभियुक्तगणों द्वारा अपने व अन्य ग्रामीण लोगों बैंको खातों को अलवर राजस्थान व नूंह मेवात हरियाणा में सप्लाई किये हैं।

## रोड नही तो वोट नही को लेकर सिरमौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनी कला के बूथ क्रमांक–64,65 में ग्रामीणों ने मतदान का किया बहिष्कार



क्यूं ना लिखूं सच

आलोक मिश्रा

त्योंथर/ रीवा जिले के सिरमौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनी कला के पोखरी टोला, पैपखरा टोला, तलरी टोला, रूपौली,एवं चांद कुरैली के ग्रामीणों ने बूथ क्रमांक–64,65 में एक साथ मतदान का बहिष्कार कर दिए है जिसकी जानकारी होने पर जवा एसडीएम पीयूष भट्ट और जवा तहसीलदार राजेन्द्र शुक्ला द्वारा समझाइस दी जा रही है लेकिन ग्रामीण ने रोड नही तो वोट नही के नारे के साथ अड़े हुए है और मतदान का बहिष्कार कर रहे है। ग्रामीणों कहना है कि सरकारी रास्ता को बंद कर दिया गया जिस बजह से आवागमन बंद है शिकायत पर कोई सुनने वाला नही है। चुनाव के बाद कोई जनप्रतिनिधि नही आता है। और इस गांव के लिए कोई विकास नही हुआ है।

## *प्रभा रेस्टोरेंट से मंगाया खाना निकला खराब*

क्वालिटी के नाम पर ज्यादा पैसा लेकर कूड़ा परोस रहे हैं




रेस्टोरेंट स्वामी खाने से अगर कोई बीमार पड़ता है तो इसका जिम्मेदार कौन मशहूर रेस्टोरेंट से मंगाया खाना निकला दूषित शिकायत के बावजूद दूषित खान की अच्छाइयों को गिनाने में रेस्टोरेंट कर्मी ने कोई कमी नहीं छोड़ी। एटा में प्रभा रेस्टोरेंट क्वालिटी के नाम का लेवल लगाकर भेजा दूषित खाना भीषण गर्मी में खाना किसी के पेट में पहुंच जाए तो फूड पॉइजनिंग के कारण उसकी हालत हो सकती है खराब। ग्राहकों को गुमराह करना तो कोई इन रेस्टोरेंट कर्मियों से सीखे। पीड़ित पत्रकार रोहिताश चौहान द्वारा खाना ऑर्डर किया गया खाना आने के बाद उसमें रखी खीर निकली खराब उन्होंने बताया कि खाने थाली के साथ आई खीर अगर खाली जाती तो निश्चित ही वह बीमार पड़ जाते। उन्होंने रेस्टोरेंट के खिलाफ ग्राहकों से धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई कराने की बात कही है।

## खजुराहो लोकसभा चुनाव के अंतर्गत वोटिंग के लिए आज सजाए गए वोटिंग केंद्र

क्यों ना लिखूं सच

रमाशंकर कचेर की रिपोर्ट ६

लोकसभा चुनाव अंतर्गत खजुराहो लोकसभा की वोटिंग आज जिसमें शासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया और किसी को किसी भी प्रकार की समस्या या लालच तथा धमकी देने पर शासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया जिस पर आप बिना किसी से डरे शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा पोलिंग बूथ को दुल्हन की तरह सजाया गया वोटिंग केदो में अपाहिज लोगों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है जो की बाहर से ले जाकर वोट डलवाने तक की जिम्मेदारी शासन की रहेगी साथ ही आंगनबाड़ियों के माध्यम से घर–घर पीले चावल भेजे गए जिससे ज्यादा से ज्यादा वोटिंग हो सके इसके लिए शान द्वारा सुबह 7रू00 से शाम 6रू00 बजे तक के लिए 6रू00 बजे वोटिंग का समय रखा गया रंग–बिरंगे तरीके से वोटिंग के द्वारा सजाए गए सेल्फी स्टैंड लगाए गए एवं देवेंद्र नगर में 8 पोलिंग बूथ बनाए गए जिसमें मतदाता अपने प्रत्याशियों का चयन करेंगे साथ ही साथ प्रशासनिक अधिकारी हर पोलिंग पर बराबर नजर बनाए हुए हमने अपने चौनल के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी के संबंध में भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## नाम रोशन करने वाले छात्र को सम्मानित किया गया

रिपोर्टर – पवन कुमार

कोंच (जालौन) स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गल्ला मंडी के सभागार मे बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर मीडियट परीक्षा में नाम रोशन करने वाले छात्रों का एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि विद्यालय के प्रबंधक आनंद समरया अध्यक्ष प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह और ओडी गुप्ता व सरनाम सिंह गुर्जर ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ जिसमे इंटरमीडिएट में स्कूल के छात्र दिव्यांशु पटेल अनुराग सिंह अर्जुन पटेल अर्पित निखिल राठौर प्रतिशत और हाईस्कूल में शिव गुप्ता हर्षित गुप्ता आर्यंस कटारे अभय सविता हर्षित पटेल संदीप सविता को प्रति शत अंक लाने पर फूल माला व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर प्रोफेसर वीरेंद्रसिंह ने कहा, छात्रों ने अपने अथक प्रयास से परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं जो प्रशंस नीय है उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है, सभी को परिश्रम का फल मिलता है। परिश्रम का न तो कोई शॉर्टकट है और न ही विकल्प इस दोरान विनय झा, मोहित पटेल, अबध किशोर, दीपक लोहिया और राजेंद दुबे सहित कई छात्र और विद्यालय परिवार उपस्थित रहा

## जय प्रकाश नगर बंगला चौक परिसर मे चार पहिया वाहनो का कब्जा

कोंच(जालौन) नगर के सबसे वीआईपी एरिया कहे जाने वाले मोहल्ला जय प्रकाश नगर बंगला चौक के पास नगर पालिका परिषद की काफी बड़ी जगह है इस बंगला चौक पर आस पास रहने वाले तमाम दबंग बड़े आदमी रहते है और बड़े आदमी होने के कारण उनके उनकी चार पहिया बड़े बड़े वाहन अपने घरों मे न खड़ा करके इस आम पालिका की जगह पर खड़ा कर देते है और यह चार पहिया बड़े बड़े वीआईपी लग्जरी गाड़िया दिन रात खड़ा रहने से बाजार को आने जाने वाले तमाम राहगीरो को निकले मे भारी असुविधा और भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है कई राहगीरो ने हमारे पत्रकार को बताया है की इन बड़े बड़े लग्जरी और अन्य वाहनो से के बराबर खड़े हो जाने से निकलने मे वाधा होती है की बार तो वापिस दूसरे रास्ते से जाना पड़ता है जब निकलने को लेकर इन वाहन चालको और मालिको से बात करते है तो वह लोग दबंगई दिखाकर लड़ने पर आमदा हो जाते है कई बार तो यह हुआ की इन वाहनो के खड़े रहने से राहगीरो और वहाँ पास के रहने वाले कुछ लोग भी इन वाहनो को लेकर एतराज जता चुके है और वाद विवाद भी हो गया है आस पास लोगो ने बताया है की जब बड़े वाहन रखे है तो अपने अपने घरों मे रखे न की सरकारी जमींन पर रखे इन वाहनो के दिन रात बे बजह खड़े होंने से फिल हाल लोग काफी परेशान है लोगो ने जनहित मे स्थानीय प्रशासन से जनहित मे इन समस्या को लेकर जाँच कराकर दोषी जनो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है

## श्री मद भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा की शोभा यात्रा निकली

कोंच(जालौन) श्री मुरली मनोहर महाराज की असीम अनुकम्पा से पिता स्व श्री लक्ष्मी नारायण लखू पहारिया व माता श्री मती राम देवी की पुण्य स्मृति मे चारो धाम यात्रा के उपलक्ष्य मे श्री



मद भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है आज 26 अप्रेल दिन शुक्रवार श्री गणेश पूजन के बाद नगर के सिद्धेश्वर मन्दिर से विशाल कलश यात्रा की शोभा यात्रा गाजे बाजे और डीजे के साथ निकली और गहोई धर्म शाला पहुंचकर समाप्त हुई इस अवसर पर इस कथा बाँचक पं आचार्य मिथलेश दास जी महाराज ओरेया वाले भजन कुटी आश्रम श्री धाम वृन्द्रावन पारीक्षत श्री मति कुसुम धर्म पत्नी कृष्ण कुमार पहारिया कृष्ण गोपाल लालजी श्याम बाबू पहारिया मास्टर साहब विनोद कुमार राम बाबू संकल्प राजेंद्र कुमार अमित कुमार मनीष कुमार नीतेश कुमार दीपक कुमार केशव राहुल नितिन अर्नव आरुष देवांश आंन्या आसवी राघव दीपक कुमार दीपु और केशव पहारिया आदि तमाम महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे

## गांधीधाम एक्सप्रेस से 51 नाबालिग बच्चों को उतारा

**चंदौली।** कामाख्या-गांधीधाम एक्सप्रेस में बृहस्पतिवार को बाल श्रमिकों को ले जाने की सूचना पर चाइल्ड लाइन, आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने पीडीडीयू जंक्शन पर 51 नाबालिगों को उतार लिया। काउंसिलिंग करने पर पता चला कि बच्चे गुजरात स्थित मदरसा में पढ़ने जा रहे हैं। हालांकि उनके पास इससे जुड़े कोई कागजात नहीं मिले। इस पर सभी किशोरों को चाइल्ड लाइन के हवाले कर उनके परिजनों को सूचना दी गई है। चाइल्ड लाइन हेल्प डेस्क को सूचना मिली कि गांधीधाम एक्सप्रेस से नाबालिगों को बालश्रम के लिए ले जाया जा रहा है। इस इस पर चाइल्ड लाइन, रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीम प्लेटफार्म संख्या तीन पर पहुंच गई। सुबह साढ़े 11 बजे ट्रेन आई तो कोच संख्या एस -6 से 51 नाबालिगों को टीममे नीचे उतारा। सूचना पाकर जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार सिंह, डॉ. किरन त्रिपाठी, ताहिर हुसैन, हरेराम पांडेय पहुंच गए। किशोरों की काउंसिलिंग करने पर पता चला कि वे गुजरात पढ़ने जा रहे है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि किशोरों के अभिभावक और संबंधित मदरसों को सूचना दी गई है। अभिभावकों के आने पर किशोरों को उनके हवाले कर दिया जाएगा।

## अप्रैल माह का सबसे अधिक 42.5 डिग्री पहुंचा तापमान

**चित्रकूट।** तापमान बढ़ने से गर्मी के तेवर बुधवार को तल्ख हो गए। दोपहर को चिलचिलाती धूप के कारण घरों से निकलना मुश्किल हो गया। इस साल का अधिकतम पारा 42.5 रहा। गुरुवार को गर्मी का तेवर देखने को मिला। सुबह से ही गर्म हवाएं चलने लगी हैं। दोपहर को तापमान बढ़ता गया। आसमान से आग बरस रही थी। धरती गर्म तबे की तरह तप रही थी। शरीर को झुलसा देने के कारण आम जनजीवन प्रभावित रहा। सडकों में सन्नाटा पसरा रहा। सड़क पर चलने वाले व्यक्ति को सूर्य की किरणें सुई की तरह चुबती रहीं।

# जहां जलकल की सप्लाई नहीं, वहां सबसे ज्यादा लुढ़का भूगर्भ जल, इन कारणों से गिर रहा है स्तर


**कानपुर।** जिन मोहल्लों में जलापूर्ति व्यवस्था ठीक नहीं है या नहीं है, वहां भूगर्भ जल पर लोगों की निर्भरता बढ़ती जा रही है। इसी वजह से भूगर्भ जल स्तर में पहले की तुलना में ज्यादा गिरावट दर्ज की जा रही है। इसे बचाने के लिए न सिर्फ भूगर्भ जल पर निर्भरता कम करनी पड़ेगी, बल्कि वर्षा जल संचयन बढ़ाना पड़ेगा। कानपुर शहर में जिन-जिन क्षेत्रों में जलकल विभाग की वाटर सप्लाई नहीं है, वहां बीते पांच साल में सबसे अधिक भूगर्भ जलस्तर गिरा है। शहर में भूगर्भ जल में हर साल औसतन 45 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की जा रही है, पर हमीरपुर रोड और हंसपुरम में पांच साल में रिकार्ड भूगर्भ जलस्तर गिरा है। हमीरपुर रोड में 9.42 मीटर तो हंसपुरम में 7.34 मीटर जलस्तर लुढ़का है। गंभीरपुर, कल्याणपुर सहित कई अन्य मोहल्लों में भी जलस्तर लुढ़का है। केंद्र और राज्य सरकार भूगर्भ जल



का अंधाधुंध दोहन रोकने के लिए गांवों और शहरों में विभिन्न अभियान चला रही है, लेकिन विभाग के अधिकारी इन अभियानों को पलीता लगा रहे हैं। हालत यह है कि जल निगम के अधिकारियों, ठेकेदारों और सफेदपोशों की मिलीभगत के चलते जेएनएनयूआरएम के तहत 859 करोड़ की जलापूर्ति परियोजना में इतना ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ, जिसके चलते अभी तक शहरवासियों को पर्याप्त पानी नसीब नहीं हुआ। यही नहीं आए दिन घटिया पाइप लाइनें फटती रहती हैं। जलकल विभाग भी जरूरत के हिसाब से पानी आपूर्ति करने में असफल साबित हुआ। 2016 के बाद तेजी से बिगड़े हैं हालात इन वजह से लोग मजबूरन घरों में सबमर्सिबल लगवाने के लिए मजबूर हैं। इसके अलावा जगह-जगह खुले सर्विस स्टेशनों में भी रोज करोड़ों लीटर पानी बर्बाद किया जा रहा है पर इन पर अंकुश तक नहीं लग पा रहा है। भूगर्भ जल के अंधाधुंध दोहन से ज्यादातर मोहल्लों में लोगों को बोरिंग में दो-दो साल में 10-10 मीटर के पाइप डलवाने पड़ रहे हैं। पुरानी बोरिंग फेल हो रही हैं। 2016 के बाद हालात तेजी से बिगड़े हैं। जिन मोहल्लों में जलापूर्ति व्यवस्था ठीक नहीं है या नहीं है, वहां भूगर्भ जल पर लोगों की निर्भरता बढ़ती जा रही है। इसी वजह से भूगर्भ जल स्तर में पहले की तुलना में ज्यादा गिरावट दर्ज की जा रही है। इसे बचाने के लिए न सिर्फ भूगर्भ जल पर निर्भरता कम करनी पड़ेगी, बल्कि वर्षा जल संचयन बढ़ाना पड़ेगा। -अविरल सिंह, अधिशासी अभियंता, भूगर्भ जल विभाग हंसपुरम में ट्यूबवेल से ही पानी की आपूर्ति होती है। नौबस्ता-हमीरपुर रोड और आसपास के क्षेत्रों में बैराज प्लांट से पानी पहुंचना है। पूर्व में बिछी घटिया मुख्य पाइपलाइन बदलने का प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है। चुनाव बाद अग्रिम कार्यवाही होगी। कानपुर नगर क्रिटिकल श्रेणी में भूगर्भ जल विभाग के मुताबिक कानपुर नगर क्रिटिकल श्रेणी में है। ककवन, कल्याणपुर ग्रामीण, भीतरगांव क्रिटिकल इलाकों में हैं। सरसौल, घाटमपुर, बिधनू, शिवराजपुर, पतारा ब्लॉक को सेमी क्रिटिकल श्रेणी में रखा गया है। क्रिटिकल जिन इलाकों में 90 फीसदी से अधिक भूगर्भ जल का दोहन होता है, उन्हें क्रिटिकल और जिनमें 70 से 90 फीसदी तक भूगर्भ जल का दोहन होता है, उन्हें सेमी क्रिटिकल श्रेणी में रखा जाता है। इस तरह पता चलता है जलस्तर भूजल स्तर के आंकलन के लिए शहर में 100 से अधिक केंद्र हैं। दो तरह से जलस्तर का पता लगाया जाता है। कुछ जगहों पर ऑटोमैटिक स्केल पीजोमीटर लगे हैं जो जलस्तर का पता लगाकर सीधे विभाग के सर्वर पर डेटा भेजते हैं। कुछ जगहों पर पीजोमीटर बोरिंग से जमीन में डाला जाता है, जितनी मीटर गहराई में पानी होता है, वहां इसके संपर्क में आते ही अलार्म बजने लगता है। ऐसे होता है आकलन साल में कितना जल भूगर्भ से निकाला जाता है और बारिश, सिंचाई, रेन वॉटर हॉर्वेस्टिंग से कितना पानी जमीन के नीचे जाता है, इन दोनों के अंतर से भूजल दोहन का आंकलन किया जाता है।

## सोना-चांदी भर रहा दम...मुंह दिखाई में गहने हुए कम, गहनों के बजाय रिश्तेदार उपहार में दे रहे नकद रुपये

**कानपुर।** शादी समारोह की रस्मों में लिए जाने वाले गहनों तक में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आ गई है। गहनों के बजाय रिश्तेदार उपहार में 2100, 5100, 11 हजार रुपये नकद दे रहे हैं। शादी की रस्मों में अमूमन झुमकी, कान की बाली, अंगूठी, चांदी के पायल आदि भेंट दी जाती थी। शादी समारोह का सीजन चल रहा है, लेकिन सोने-चांदी में चल रही महंगाई ने इसमें नया ट्रेंड ला दिया है। जिन रस्मों में पहले उपहार में सोने-चांदी के गहने दिए जाते थे, अब वहां पर नोट दिए जा रहे हैं। दुल्हन की मुंह दिखाई और दूल्हे के कलेवा में अब लोग नकद भेंट शगुन के रूप में दे रहे हैं। 2100 से 11 हजार रुपये सबसे ज्यादा दिए जा रहे हैं। पहले दुल्हन को झुमकी, कान की बाली, अंगूठी, चांदी के पायल सबसे ज्यादा दिए जाते थे। इसी तरह दूल्हे को भी अंगूठी, सोने-चांदी के ब्रेसलेट भेंट स्वरूप दिए जाते थे। सोने-चांदी के भाव में उठापटक चल रही है। इसके बाद भी भाव अभी भी बहुत ज्यादा हैं। भावों में तेजी और चुनाव के चलते बाजार में पहले से ही सन्नाटा चल रहा था। अब हल्की ज्वैलरी भी खरीदना लोगों की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। जानकारों के मुताबिक शादी समारोह में दी जाने वाली ज्वैलरी के साथ रस्मों के लिए होने वाली खरीद में लोग कटौती कर रहे हैं। इन रस्मों के लिए लोगों का 11-21 हजार तक का बजट होता है। सोना-चांदी



इतना महंगा है कि इतनी रकम में दो ग्राम से ज्यादा कीमत का सोने का गहना नहीं आ पाएगा। ऐसे में लोग अब नेग के रूप में नकद भेंट दे रहे हैं। ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि सामान्य दिनों में शहर में 35 किलो सोने के गहनों-बुलियन की बिक्री होती थी जो अब केवल पांच किलो रह गई है। निवेश के रूप में सोना-चांदी खरीदा जा सकता है शादी समारोह की रस्मों में लिए जाने वाले गहनों तक में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आ गई है। बताया कि महंगाई के चलते कारोबारियों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। दरअसल, कारोबारी अब ज्यादा माल स्टॉक नहीं रखता है। सोना-चांदी के भाव अचानक तेजी से बढ़े। जो पहले के आर्डर थे, वो पूरे करने थे। उन्होंने बताया कि भाव में गिरावट जरूर है, लेकिन आगे तेजी की संभावना है। भाव कम होने पर निवेश के रूप में सोना-चांदी खरीदा जा सकता है। केसः 1 किदवईनगर में रहने वाले शिवकुमार की बेटे की शादी 18 अप्रैल को थी। बरात 19 को वापस लौटी। बहू की मुंह दिखाई 21 को हुई। इसमें नाते रिश्तेदारों ने शगुन के तौर पर नकद भेंट दी। इसी तरह बेटे को भी कलेवा में जो तय था। उसके अतिरिक्त अगूंठी आदि नहीं मिली। उपहार के तौर पर नकद रुपये मिले। केसः 2 पुखरायां में रहने वाले शिवनाथ पाल की बेटी की शादी में दूल्हे को कलेवा में उपहारस्वरूप सिर्फ नकदी मिली। इसके अलावा बेटी को मुंह दिखाई में भी अधिकांश ने नकद रुपये ही दिए। एक-दो रिश्तेदारों ने ही चांदी की पायल दी।

## घर पर आने वाली थी बारात, उससे पहले मिली भाई के मौत की खबर, जानें- कैसे हुआ दर्दनाक हादसा

**वाराणसी।** मल्लाहों की मदद से उसे बाहर निकाल कर लाया गया और इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल ले गए। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोहित के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रोहित के घर उसकी बहन के शादी की तैयारी चल रही थी। बारात और दुल्हे की कैसे खातिरदारी की जाए इसके लिए पूरा परिवार इधर-उधर भाग दौड़ कर रहा था, लेकिन बारात से पहले रोहित के मौत की खबर जब उसके घर पहुंची तो परिवार के साथ ही आस-पड़ोस में भी मातम छा गया।



दोस्तों के साथ आदमपुर थाना क्षेत्र के रानीघाट पर पूजन के लिए गंगा जल लेने आए रोहित (21) की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, बहन के शादी की खुशी मातम में बदल गई। परिवार के साथ ही आस-पड़ोस के लोग भी घटना के कारण शोकाकुल हैं। सारनाथ के रसूलगढ़ निवासी श्यामबाबू राजभर की बेटी की शादी शुक्रवार को थी। रात में बारात आने वाली थी। श्यामबाबू राजभर का बेटा रोहित राजभर (21) पूजन के लिए अपने साथियों के साथ गंगा से जल लेने रानी घाट आया था। डिब्बे में गंगाजल भरने के दौरान वह गहरे पानी में डूबने लगा। उसके अन्य साथी घाट पर थे। रोहित को डूबता देख सभी शोर मचाने लगे।

## बीएचयूमें महिला शिक्षिक पर दुर्व्यवहार का आरोप, छात्रों का धरना, मौके पर पहुंचा प्रॉक्टोरियल बोर्ड

**वाराणसी।** छात्रों के धरने की सूचना पाकर प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम मौके पर पहुंची और छात्रों से बातचीत कर उन्हें मनाने का प्रयास किया लेकिन छात्र शिक्षिका पर तुरंत कार्यवाही की मांग पर अड़े है। बीएचयू में विज्ञान संस्थान के कंप्यूटर साइंस की एक महिला शिक्षक




(असिस्टेंट प्रोफेसर) पर छात्रों ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। छात्रों ने कहा कि महिला शिक्षक द्वारा आए दिन उन्हें छेड़खानी में फंसाने की धमकी दी जाती है। साथ ही इसकी शिकायत भी कई बार विभागाध्यक्ष से की जा चुकी है। इस मामले को लेकर शुक्रवार को दोपहर से ही छात्र धरना दे रहे हैं। उनकी मांग है कि महिला शिक्षिका पर कार्यवाही की जाए। इस बार में चीफ प्रॉक्टर प्रो. शिव प्रकाश सिंह का कहना है कि विभाग के छात्रों ने महिला शिक्षिका पर दुर्व्यवहार की शिकायत प्रॉक्टोरियल बोर्ड से की है। इसमें विज्ञान संकार के डीन से बातचीत कर छात्रों का धरना समाप्त करने की कोशिश की जा रही है।

## डेटा अपलोड न करने वाले कॉलेजों को मिली फटकार, प्राचार्यों को शिथिलता न बरतने की दिलाई गई शपथ

**वाराणसी।** इस दौरान प्राचार्यों को भविष्य में शिथिलता न करने का शपथ दिलाया गया। यदि इस तरह की लापरवाही की जाएगी तो विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएचईएस) पोर्टल पर सत्र 2022-23 का डेटा समय से अपलोड न करने वाले कॉलेजों के प्राचार्यों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने फटकार लगाई है। योग साधना केंद्र में आयोजित कार्यशाला में प्राचार्यों को लापरवाही न बरतने और इसमें सुधार लाने की चेतावनी दी गई है। पोर्टल पर 171 कॉलेजों ने समय से जानकारी नहीं दी थी। ऐसे प्राचार्यों को विश्वविद्यालय में बुलाया गया था। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि पोर्टल पर शिक्षक, छात्र नामांकन, कार्यक्रम, परीक्षा परिणाम, शिक्षा वित्त, आधारभूत संरचना सहित अन्य डेटा एक जगह होना जरूरी है। इस दौरान कुलसचिव राकेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो सुधाकर मिश्र,एआईएचईएस के समन्वयक डॉ. सत्येंद्र कुमार यादव ,उप कुलसचिव केशलाल आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**मिजापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के संगमोहाल के पास बृहस्पतिवार को भोर में करीब तीन बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। कटरा कोतवाली क्षेत्र के अनंतराम की गली निवासी लोखन भारती (40) बृहस्पतिवार को भोर में करीब तीन बजे रेल लाइन पाकर करते समय किसी ट्रेन की चपेट में आ गए। इस दौरान ट्रेन से कटकर उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने सूचना जीआरपी को दी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। जीआरपी प्रभारी अनिल त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## बुखार व पेट दर्द से दो की मौत, आठ मरीज भर्ती

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल में उल्टी दस्त, बुखार व पेट दर्द से पीड़ित दो की मौत हो गई। इसके अलावा आठ मरीज भर्ती हुए। गुरुवार को पुरानी बाजार निवासी गुड्डन देवी (30) को बुखार व पेट दर्द के चलते पति धर्मेंद्र ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा रैपुरा थाना क्षेत्र भौंरी निवासी राजेश (45) को गुरुवार की दोपहर को बुखार व पेट दर्द के चलते दामाद राजेंद्र कुमार ने भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को अपने घर ले गए। इसके अलावा नई बाजार निवासी रमेश कुमार की पांच वर्षीय पुत्र अंशू, सगवारा निवासी महेंद्र का छह वर्षीय पुत्र दिव्यांश, कोठिलिहाई निवासी मुन्नी देवी (60), बेलहा निवासी सूर्यभान की 18 वर्षीय सपना, सोनेपुर निवासी पप्पू की तीन माह की पुत्री श्रेया, गड़ौली निवासी कमल सिंह का दस वर्षीय पुत्र शुभम, करौंहा निवासी मातादीन (50) व बछरन निवासी रामेश्वर प्रसाद (60) को उल्टी दस्त, पेट दर्द व बुखार के चलते भर्ती कराया गया।

## पुलिस को चकमा देकर शाहिद पिच्चा पहुंचा कोर्ट, मारपीट के मुकदमे में समर्पण कर चला गया जेल

**कानपुर।** कर्नलगंज थाने में वर्ष 2019 में शाहिद उर्फ पिच्चा के खिलाफ गाली गलौज व जान माल की धमकी देने का एक मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में शाहिद में कोर्ट में समर्पण कर दिया। कानपुर में पुलिस की आंखों में धूल झोंककर कुख्यात अपराधी और गैंगस्टर शाहिद पिच्चा आखिर एक मुकदमे में कोर्ट में समर्पण कर जेल चला गया। गैंगस्टर के मुकदमे में समर्पण की सूचना पर पुलिस उसे ढूंढती रही, लेकिन उसने गुपचुप तरीके से निचली अदालत में समर्पण कर दिया। कर्नलगंज थाने में वर्ष 2019 में शाहिद उर्फ पिच्चा के खिलाफ गाली गलौज व जान माल की धमकी देने का एक मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मुकदमे की सुनवाई अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन तृतीय की अदालत में चल रही है। मामले में शाहिद के खिलाफ वारंट जारी चल रहा था। इस मामले में शाहिद में कोर्ट में समर्पण कर दिया। उसकी तरफ से जमानतें दाखिल न किए जाने के कारण उसे जेल भेज दिया गया।

## ट्रैक्टर ट्राली में रखी सात बीघे की फसल धू-धूकर जली

**चंदौली।** चकरघट्टा थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया गांव में रामनिवास यादव के खेत में सुबह ट्रैक्टर ट्राली पर रखी गेहूं की फसल में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर सात बीघा गेहूं की फसल धू-धूकर जल गई। आग से पास में रखी चार बीघे पराली भी राख हो गई। परसिया गांव के रामनिवास यादव के सात बीघे खेत की गेहूं की फसल काटकर ट्रैक्टर ट्राली पर रखी गई थी, जिसमें बृहस्पतिवार को आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी लेकिन दमकलकर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। इससे आग बढ़ती चली गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली और पूरी फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद लेखपाल सद्दाफ खान मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया। एसडीएम आलोक कुमार ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट मिलने के बाद किसान को सरकारी सहायता दिलाई जाएगी।

## मां के पास सो रहा बच्चा चोरी, छानबीन में जुटी पुलिस

**मिजार्पुर।** थाना क्षेत्र के बंधवा गांव में बृहस्पतिवार को भोर में करीब तीन बजे मां के साथ सो रहा बच्चा चोरी हो गया। बच्चा चोरी होने पर परिवार में खलबली मच गई। खोजबीन के बाद भी बच्चा नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस छानबीन में जुटी है। पचराव निवासी पूजा गोड़ पत्नी संदीप कुमार गोड़ लखनऊ में रहती थीं। वे पति के साथ दो दिन पहले अपने मायके बंधवा गांव आई थीं। पूजा बुधवार की रात भोजन कर अपने बच्चे के साथ सोने कमरे में चली गईं। बृहस्पतिवार को भोर में करीब तीन बजे पूजा की नींद खुली तो बच्चा उनके पास नहीं था। उन्होंने घर में खोजबीन के बाद अगल-बगल तलाश की, लेकिन बच्चे का पता नहीं चला। उन्होंने परिवार के लोगों को जगाया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर जांच में जुट गई। छानबीन बच्चे के मामा धर्मेंद्र ने बताया कि घर के बगल स्थित पिलर पर चप्पल के निशान हैं।




# पांचवे चरण का नामांकन शुरू, कई मंत्रियों की परीक्षा

## 2019 में बीजेपी ने जीती थी 14 में 13 सीटें

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश की 14 सीटों पर नामांकन दाखिले की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई। अवध और बुन्देलखंड की इन सीटों में मोहनलालगंज सु., लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन सु., झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी सु., बाराबंकी सु., फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा शामिल हैं। इन सीटों पर तीन मई तक नामांकन दाखिला होगा। चार मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। छह मई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 20 मई को मतदान होगा। इन 14 में चार सीटें सुरक्षित हैं। इन सीटों में कई प्रतिष्ठा वाली सीटें मानी जाती हैं। लखनऊ सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फिर भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं, लखनऊ के ग्रामीण इलाके की सीट मोहनलालगंज



सु.सीट पर केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर को भाजपा ने फिर प्रत्याशी बनाया है। अमेठी सीट पर पिछले चुनाव में कांग्रेस के राहुल गांधी को हराने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी फिर भाजपा प्रत्याशी हैं। इण्डिया गठबंधन से अभी तक अमेठी व रायबरेली जैसी प्रतिष्ठित सीट पर सस्पेंस है। जालौन सु.सीट पर मौजूद केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। फैजाबाद सीट पर वर्तमान सांसद लल्लू सिंह, गोण्डा सीट पर मौजूदा सांसद कीर्तवर्धन सिंह, हमीरपुर सीट पर कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, झांसी सीट पर अनुराग शर्मा, फतेहपुर सीट पर साध्वी निरंजन ज्योति, कौशाम्बी सीट पर विनोद सोनकर भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में सिर्फ रायबरेली सीट पर कांग्रेस की सोनिया गांधी चुनाव जीती थीं बाकी 13 सीटों पर भाजपा उम्मीदवार विजयी हुए थे।2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में मोहनलालगंज सु. कौशल किशोर भाजपा 629999 पाकर विजयी हुए,प्रमुख विपक्षी सीएल.वर्मा बसपा 539795 वोट पाकर दूसरे नम्बर पर थे लखनऊ में राजनाथ सिंह भाजपा ने 633026 मत पाकर कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णन को हराया था। प्रमोद कृष्णन को 180011मत मिले थे। वहीं रायबरेली में सोनिया गांधी कांग्रेस ने 534918 मत पाकर दिनेश प्रताप सिंह भाजपा को हराया था। दिनेश प्रताप सिंह को 367740 मत ही मिल सके थे।अमेठी से बीजेपी की स्मृति ईरानी ने 468514 मत से हासिल कर कांग्रेस के राहुल गांधी को पराजित किया था। राहुल गांधी को 413394 मत मिले थे।जालौन सु. सीट से भानु प्रताप वर्मा भाजपा ने 581763 मत पाकर अजय सिंह पंकज बसपा को हराया था। पंकज को 423386 वोट मिल पाए थे झांसी अनुराग शर्मा भाजपा ने 809272 वोट पाकर सपा के श्याम सुंदर सिंह को पराजित किया था। सपा प्रत्याशी को मात्र 443589 वोट में संतोष करना पड़ा था। हमीरपुर कुं.पुष्पेन्द्र चन्देल भाजपा ,बांदा आरके सिंह पटेल भाजपा ,फतेहपुर निरंजन ज्योति भाजपा, कौशाम्बी सु. विनोद सोनकर भाजपा, बाराबंकी सु. उपेन्द्र रावत भाजपा, फैजाबाद लल्लू सिंह भाजपा, कैसरगंज बृजभूषण शरण भाजपा और गोण्डा कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा ने भगवा लहराया था।

## ओबीसी, एससी और एसटी के अधिकार छीनकर मुस्लिमों को देने की साजिश कर रही कांग्रेसः केशव मौर्य

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अधिकारों को छीनकर इन्हें मुस्लिमों को देने की ह्यह्यसाजिश रची है। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकार छीनकर इन्हें ह्यह्यघुसपैठियों को देने की कांग्रेस की ह्यह्यखतरनाक सोच उसके चुनावी घोषणापत्र में स्पष्ट देखी जा सकती है। डिप्टी सीएम कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा, ह्यह्य उन्होंने अपने घोषणापत्र में साफतौर पर कहा है कि अगर उन्हें मौका दिया गया तो वे बहुसंख्यकवाद को पूरी तरह खत्म (देश में) कर देंगे। हमारे देश में ओबीसी, एससी, एसटी ह्यबहुसंख्यक हैं। उन्होंने कहा कि 70 साल तक देश के दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के साथ किए गए ह्यह्यअन्याय की सजा कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में मिलेगी। कांग्रेस ने ह्यह्यओबीसी, एससी और एसटी के अधिकारों को छीनने और इन्हें मुसलमानों को देने की साजिश रची है।

## प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब, नकदी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 25 अप्रैल तक 32281.70 लाख की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3181.54 लाख रुपये नकद धनराशि, 4435.47 लाख की शराब, 21346.72 लाख की ड्रग, 2161.59 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 अप्रैल को 127.51 लाख की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 13.93 लाख रुपये नकद, 49.95 लाख की 18628.60 लीटर शराब, 63.62 लाख की 193367.70 ग्राम ड्रग व 0.01 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी। 25 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में मिजार्पुर की मड़िहान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 38 लाख की 152000 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

## दूसरों पर सवाल खड़ा करने से पहले अपना घर देखें केशव मौर्याः कांग्रेस

**लखनऊ।** कर्नाटक पर बात करने से पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य जान लें कि कर्नाटक की ही जनता ने 50 फीसदी कमीशन लेने वाली भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर किया था। वह कर्नाटक पर सवाल खड़ा करके कांग्रेस पर सवाल नहीं कर रहे हैं कर्नाटक की देवतुल्य जनता पर सवाल कर रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य उस बीजेपी सरकार के मंत्री हैं जिस सरकार से उत्तर प्रदेश संभल नहीं पा रहा है, जातीय जनगणना पर भाजपा से सवाल नहीं कर पा रहे, निजी स्वार्थ में पिछड़ों, अति पिछड़ों के हितों की जातीय जनगणना जिसकी घोषणा कांग्रेस ने की है ,उसकी तारीफ न करें तो बुराई तो न करें कम से कम, पिछड़े समाज का तो ध्यान रखें।

## सीएम योगी के खिलाफ शिकायत का आयोग ने लिया संज्ञान, डीएम से रिपोर्ट मांगी

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीएम मथुरा से रिपोर्ट मांगी है। चुनाव आयोग से शिकायत में अमिताभ ठाकुर ने कहा था कि सीएम योगी आदित्यनाथ वोट हासिल करने के लिए मेरठ, मथुरा, बदायूं, बरेली, पीलीभीत सहित अपने चुनावी भाषणों में लगातार अयोध्या के राम मंदिर के साथ मथुरा, काशी प्रकरण तथा कांवड़ यात्रा के संबंध में टिप्पणियां कर रहे हैं, जो आचार संहिता के प्रस्तर 1 के उपप्रस्तर 1 और 3 का उल्लंघन है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसचिव संजय प्रकाश मौर्य ने इस पर डीएम मथुरा को कार्रवाई कर 2 दिनों में तथ्यात्मक आख्या देने का आदेश दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भाजपा द्वारा बड़े-बड़े पोस्टर और होर्डिंग लगाने, बेहिसाब और अभूतपूर्व खर्च करने तथा आधिकारिक एक्स हैंडल से आचार संहिता का उल्लंघन करने की उनकी शिकायत पर भी डीएम लखनऊ को कार्यवाही कर दो दिन में आख्या देने के निर्देश दिए हैं।

## मौलाना अब्दुल अलीम फारूकी एक आंदोलन थेः मुर्तजा अली

**लखनऊ।** राजनीतिक स्मजिक संगठनों द्वारा शुक्रवार की नमाज ए जुमा के बाद एक शोक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मरहूम मौलाना अब्दुल अलीम फारूकी के प्रयासों को पूरे मुस्लिम उम्माह के लिए अच्छा बताया गया शराबबंदी संघर्ष समिति के मुर्तजा अली, राष्ट्रीय भागदारी आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक पीसी कुरील, और राष्ट्रीय सामाजिक कार्य कर्ता संगठन के संयोजक मुहम्मद आफाक अन्य प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में, इंडियन यूनियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद फहीम सिद्दीकी ने कहा कि मैंने अपने माता-पिता और परिवार से सुना है की आज अहले सुन्नत का बोल बाला है वो मौलाना अब्दुल शकूर साहब की दैन है।

# मैं हूं साथ तेरे को प्रमोट करने लखनऊ पहुंचे उल्का गुप्ता और करण वोहरा

**लखनऊ।** जी टीवी पर 29 अप्रैल से प्रसारित होने जा रहे आगामी शो ह्यमैं हूं साथ तेरेह्य को प्रमोट करने के लिये आज उल्का गुप्ता और करण वोहरा लखनऊ पहुंचे। जी टीवी की ओर से नवाबों के शहर लखनऊ में एक भव्य लॉन्च इवेंट आयोजित किया। अपनी यात्रा के दौरान उल्का गुप्ता और करण वोहरा ने फैंस के साथ-साथ स्थानीय मीडिया से भी मुलाकात कर अपनी भूमिका के बारे में बताया। दोनों शहर की खास जगहों पर गए, वहां लोगों से मिले और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उल्का गुप्ता व करण वोहरा ने बताया कि ह्यमैं हूं साथ तेरेह्य शो में एक सिंगल मां जानवी की कहानी है, जो एक मां और बाप दोनों की जिम्मेदारियां निभाते हुए जिंदगी की मुश्किलों से गुजर रही है। ग्वालियर में रचा-बसा यह शो हमें जानवी के उतार-चढ़ाव भरे भावुक सफर पर ले जाता है, जहां वो अपनी दुनिया, अपने बेटे किआन को हमेशा खुश रखने की कोशिश करती रहती है। हालांकि किआन को एक पिता की कमी महसूस नहीं होती, लेकिन वो अपनी मां की जिंघ्दगी में एक आदमी की कमी जरूर महसूस करता है, खासतौर पर तब, जब वो उन्हें अकेले सारी बातों का ख्याल रखते हुए देखता है। ये कहानी उस वक्त एक दिलचस्प मोड़ लेती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर बिजनेसमैन आर्यमन से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं। फुल हाउस मीडिया के निर्माण में बने शो ह्यमैं हूं साथ तेरे का प्रसारण 29 अप्रैल से रोज शाम साढ़े सात बजे जी टीवी पर होगा। उल्का गुप्ता ने कहा, जी टीवी लंबे समय से मेरा घर रहा है, जब मैंने ह्यझांसी की रानीह्य में यंग मनु का रोल निभाया था। यह बड़ा दिलचस्प है कि मुझे अपने करियर के इतने शुरूआती दौर में एक मां का रोल निभाने का मौका मिल रहा है। जानवी का किरदार निभाने के लिए मेरी मां ही मेरी प्रेरणा रही हैं। मैं और करण अपने शो ह्यमैं हूं साथ तेरेह्य को प्रमोट करने और दर्शकों का प्यार और आशीर्वाद लेने के लिए आज लखनऊ आए हैं।ह्यह्यइसी तरह करण वोहरा ने कहा कि ह्यह्यइतनी खूबसूरत और मासूम लव स्टोरी के साथ जी टीवी चौनल पर वापसी करके मुझे बेहद खुशी हो रही है। आर्यमन जैसा इतनी खूबसूरती से लिखा गया किरदार निभाने से मुझे अपनी एक्टिंग रेंज दिखाने में मदद मिलती है। मुझे लगता है कि मेरे किरदार के साथ-साथ यह दिल छू लेने वाली कहानी यकीनन दर्शकों से जुड़ जाएगी।

## आयोग के निदेशी के अनुपालन में कोताही बर्दाश्त नहींः रिणवा

